*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

**केंद्रीय विद्यालय में मनाया वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम**

**वन्य जीव पर चित्र प्रदर्शनी लगाकर विद्यार्थियों को दी जानकारी**

# प्रकृति से नाता जोड़े छात्र -प्राचार्य अजय नासरे

वर्धा दि. 05 अक्तूबर 2015: वन्य जीव हमारी प्रकृति का अहम हिस्सा है। हमें प्रकृति से नाता जोड़कर उसका संवर्धन और संरक्षण करना चाहिए। उक्त प्रतिपादन केंद्रीय विद्यालय, वर्धा के प्राचार्य अजय नासरे ने किया।



वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के केंद्रीय विद्यालय में बहार नेचर फाउंडेशन की ओर से 05 अक्तूबर को 'वन्य जीव चित्र प्रदर्शनी' प्रदर्शनी के आयोजन के उपलक्ष्य में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को संबोधित कर




रहे थे। इस




अवसर पर शिक्षक डी. एन. सुकाम, अनिरूद्ध पाटील, सचिन बनसोले, प्रशांत पाभले, कलका कुथे, बहार नेचर फाउंडेशन के राहुल तेलरांधे, स्न्हेल कुबडे, प्रिया माली, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।



1 से 7 अक्तूबर तक पूरे विश्व में विश्व वन्य जीव सप्ताह मनाया जाता है। इसी के उपलक्ष्य में बहार नेचर फाउंडेशन की ओर से केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए वन्य जीव प्रदर्शनी और इससे संबंधित उपक्रमों का आयोजन किया। प्रदर्शनी में 100 से अधिक विभिन्न प्रकार के पक्षी, पशु और प्रकृति के चित्रों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर बी. एस. मिरगे ने विद्यार्थियों में पर्यावरण, प्रकृति और पक्षी आदि के बारे में जागरूकता और समझ विकसित करने के लिए इस प्रकार के उपक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। वर्धा में बहार नेचर फाउंडेशन हर रविवार को अलग-अलग स्थानों पर जाकर पक्षी निरीक्षण करता है और उनके बचाव के लिए लोगों में जागरूकता लाने



की दिशा में कार्य करता है।